राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

भारतीय सेना में बिहार रेजिमेंट का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है–राज्यपाल

पटना, 01 सितम्बर, 2021

''बिहार रेजिमेंट भारतीय सेना का मजबूत अंग है तथा इसके सैनिकों के शौर्य, पराक्रम और वीरता तथा मातृभूमि की रक्षा के लिए उनके त्याग और बलिदान का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है।''– यह बातें महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज दानापुर कैण्ट स्थित बिहार रेजिमेंट सेंटर के अखौरा ऑडिटोरियम में आयोजित वीरता पुरस्कार से सम्मानित सैनिकों व वीर नारियों के अभिनन्दन समारोह को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि चाहे कारगिल की लड़ाई हो या लद्दाख की गलवान घाटी में संघर्ष अथवा कोई अन्य चुनौतीपूर्ण परिस्थिति, बिहार रेजिमेंट ने प्रत्येक अवसर पर अपने अदम्य साहस का परिचय दिया है और प्राणों की आहूति देकर देश की रक्षा की है। मुम्बई में हमले के समय भी हमने इसके शौर्य को देखा है।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा तथा इसकी संप्रभुता, एकता एवं अखंडता की रक्षा करने में भारतीय सेना का महत्वपूर्ण योगदान है। पाकिस्तान के साथ युद्ध हो या सीमा रेखा पर चीन के साथ टकराव, हर संघर्ष में भारतीय सेना ने अपनी मातृभूमि की रक्षा और इसके मान–सम्मान के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।

उन्होंने कहा कि आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखने में भी सेना का अहम योगदान है। विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं तथा अन्य अवसरों पर नागरिक प्रशासन को इसका सक्रिय सहयोग प्राप्त होता है। भारतीय सेना ने अदम्य साहस, धैर्य और बहादुरी के साथ कठिन परिस्थितियों में भी अपनी विभिन्न भूमिकाओं का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है।

राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 1971 के भारत–पाक युद्ध में मिली भारतीय सेना की जीत के 50 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2021 को स्वर्णिम विजय वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। साथ ही भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देश अपनी आजादी का अमृत महोत्सव भी मना रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह महोत्सव हममें नई ऊर्जा का संचार करेगा तथा देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने की हमारी संकल्प शक्ति को मजबूत करेगा।

राज्यपाल ने अमृत महोत्सव के क्रम में आज विभिन्न वीरता पुरस्कारों यथा– वीर चक्र, शौर्य चक्र, कीर्ति चक्र एवं सेना मेडल से पुरस्कृत 24 सैन्य अधिकारियों/सैनिकों एवं शहीद सैनिकों (मरणोपरान्त पुरस्कृत) की पत्नियों/माताओं (वीर नारियों) को सम्मानित किया।

कार्यक्रम को युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित झारखंड एवं बिहार सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल राजपाल पुनिया ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर बिहार रेजिमेन्टल केन्द्र के कमान्डेन्ट ब्रिगेडियर आलोक खुराना, सैन्य अधिकारीगण, सैनिकों एवं भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके परिजन एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....